बड़ी देर भई कब लोगे ख़बर मोरे राम

बड़ी देर भई ,
कब लोगे ख़बर मोरे राम ,
बड़ी देर भई ,

कहते हैं तुम हो दया के सागर,
फिर क्यूँ ख़ाली मेरी गागर,
झूमें झुके कभी ना बरसे ,
कैसे हो तुम घनश्याम ,
हे राम, हे राम,
बड़ी देर भई कब लोगे...

सुनके जो बहरे बन जाओगे ,
आप ही छलिया कह लाओगे,
मेरी बात बने ना बने ,
हो जाओगे तुम बदनाम,
हे राम, हे राम,
बड़ी देर भई कब लोगे...

चलते-चलते मेरे पग हारे,
आई जीवन की शाम ,
कब लोगे ख़बर मोरे राम,
बड़ी देर भई...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6993/title/badi-der-bai-kab-loge-khabar-more-ram

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |